सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं अन्य समकक्ष पदों (समूह-1 के अन्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर) हेतु संयुक्त भर्ती ऑनलाइन परीक्षा-2016 के अन्तर्गत पदों एवं अर्हता में

संशोधन सूचना

(1) जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अन्तर्गत सीधी भर्ती–कार्यालय अधीक्षक सह लेखापाल के 20 पदों की शैक्षणिक अर्हता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि की अस्पष्टता के कारण इन 20 पदों को परीक्षा से विलोपित किया जाता है।

(2) परीक्षा में सम्मिलित किये गये म.प्र. रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल के सीधी भर्ती–प्रबंधक–पर्यावरण के 01 पद को शैक्षणिक अर्हता अस्पष्ट होने पर परीक्षा से विलोपित किया जाता है। जिन अभ्यर्थियों ने उपरोक्त विभागों के पद हेतु आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी बोर्ड की निर्धारित प्रक्रिया अनुसार एवं अपनी अर्हता के अनुरूप अपनी वरीयता क्रम में निर्धारित तिथि तक संशोधन करवा सकेंगे।

(3) सामान्य प्रशासन, म.प्र. शासन, मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक सी–3–5–2015–3– एक दिनांक 31 जुलाई, 2015 के द्वारा न्यूनतम अर्हता के अतिरिक्त वांछनीय अनुभव व वांछनीय योग्यता या उसके आधार पर वरीयता दिये जाने संबंधी प्रावधान को समाप्त किया गया है। उपरोक्त के परिपेक्ष्य में इस परीक्षा में सम्मिलित विभाग द्वारा यदि इसका उल्लेख किया गया है तो उसे निरंक माना जाये।

(4) परीक्षा की नियम पुस्तिका के अध्याय–2 में परीक्षा में सम्मिलित विभाग के एकजाई विवरण की संशोधित तालिका पीईबी की वेबसाईट www.vyapam.nic.in अथवा www.peb.mp.gov.in में दर्शित की गई है।

(5) विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

विज्ञापन क्रमांक / 107 / 2016 संचालक

प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड

"चयन भवन" मेन रोड न.–1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल–462011

दूरभाष 0755–2578801, 2578802, 2578803, 2578804, (टोल फ्री नं. 18002337899)

ANIL PUB.